


बिलासपुर, शुक्रवार, 14 मार्च 2025

## खबर संक्षेप

### आंबा सहायिका के लिए 26 तक आवेदन

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ शहरी अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र समाधिगली वार्ड क्रमांक 31 में आंगनबाड़ी में रिक्त सहायिका पद के लिए 26 मार्च 2025 तक इच्छुक आवेदिकाओं से आवेदन मंगाए गए है। आवेदिका अपना आवेदन परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ शहरी में जमा कर सकते है। नियुक्ति से संबंधित विस्तृत दिशा निर्देश व नियम शर्तो के लिए परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन कर सकते है।

### 100 लीटर महुआ शराब और स्कूटी जब्त

**रायगढ़।** होली से पहले जिले में अवैध शराब के खिलाफ पुलिस की सख्ती जारी है। कल 11 मार्च को पूंजीपथरा पुलिस ने ग्राम देलारी में छापेमारी कर 100 बल्क लीटर अवैध महुआ शराब जब्त की और दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। एसपी दिव्यांग पटेल के निर्देशन पर थाना प्रभारी राकेश मिश्रा द्वारा अवैध शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने मुखबिर सक्रिय किया गया है। इसी कड़ी में कल उपनिरीक्षक विजय एक्का के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम देलारी गौठान के पास एक टीवीएस जुपिटर स्कूटी सीजी 13 एआर 2429 पर दो व्यक्ति बड़ी मात्रा में अवैध शराब ले जा रहे हैं। टीम ने घेराबंदी कर स्कूटी सवारों को रोका और उनकी तलाशी ली, जिसमें 250 पाउच कच्ची महुआ शराब प्रत्येक पाउच में 200 उस बरामद हुए।

होली पर सख्त निगरानी, अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप

पूंजीपथरा पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि होली के मद्देनजर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है और अवैध शराब की बिक्री पर सख्त नजर रखी जा रही है। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक विजय एक्काए सहायक उपनिरीक्षक जयराम सिदार, प्रधान आरक्षक लोमेश राजपूत, विनीत तिर्की समेत पुलिस टीम शामिल रही। पुलिस ने जनता से अपील की है कि अवैध शराब या किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को देंए ताकि होली का पर्व शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया जा सके।

### पुलिस ने चिटफण्ड कंपनी के 2 डायरेक्टरों को किया गिरफ्तार

**सूरजपुर।** राशि दोगुना करने का झांसा देकर लोगों से ठगी करने वाले चिटफंट कंपनी के दो आरोपी डारेक्टरों को कोवताली पुलिस ने उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय पेश किया जहां से दोनो को जेल भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक ग्राम कुरूवां विश्रामपुर निवासी अमृतलाल राजवाड़े द्वारा न्यायालय सूरजपुर में आवास एग्रो के डायरेक्टर शमीम रहमान, इरफानार वारसी, भारत सुखवानी निवासी लखनऊ उत्तरप्रदेश के विरूद्ध परिवाद पत्र अन्तर्गत धारा 156(3) के तहत अभियुक्तगणों के विरूद्ध धारा 420, 120बी, 34 ईनामी चिटफंड और धन परिचालन स्कीम पाबंदी अधिनियम की धारा 4,5,6, छत्तीसगढ़ के निक्षेपकों के हितों का संरक्षण अधिनियम 205 की धारा 10 के तहत अपराध पंजीबद्ध किए जाने के संबंध में प्रस्तुत किया था। न्यायालय द्वारा पारित आदेश में परिवादी के परिवाद पर अभियुक्तो के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध करने का आदेश पारित किया गया जिस पर कोतवाली पुलिस द्वारा अपराध दर्ज किया। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर द्वारा पुराने लंबित मामलों की समीक्षा कर प्रभारियों को लंबित मामलों में आरोपियों की पतासाजी कर जल्द पकड़ने के निर्देश दिए थे। प्रकरण के आरोपी डायरेक्टरों ने आवास एग्रो प्रोडुसर कंपनी लिमिटेड बना कर वर्ष 2017 से जिले में निवेशकों को दोगुना, तीन गुना पैसा देने का लालच देकर कंपनी में करोड़ों रूपय जमा कराकर कंपनी बंद कर फरार हो गई थी।

## होलिका दहन के बाद आज मनाया जाएगा त्यौहार

# होली पर नहीं होगी पानी की किल्लत 535 बोरवेल से दो घंटे अतिरिक्त सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

हर बार की तरह इस बार भी शहर में होली के दिन पानी की किल्लत नहीं होगी। इसके लिए नगर निगम ने विशेष व्यवस्था की है। होली के दिन शुक्रवार को पानी की सप्लाई दो बार की जाएगी। जबकि बोरवेल से दोपहर के वक्त भी दो घंटे तक पानी मिलेगा। शहर में 535 बोरवेल हैं, जिससे अतिरिक्त सप्लाई होने से राहत मिलेगी।

नगर निगम कमिश्नर ने पानी की अधिक जरूरत को देखते हुए जल विभाग को इसके लिए निर्देश जारी किए हैं। जल विभाग की टीमें सप्लाई व्यवस्था पर निगरानी रखेंगीए ताकि किसी भी इलाके में पानी की कमी न हो। गौरतलब है कि रंगों का पर्व होली पर दिनभर लोग एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाते हैं। इसके चलते पानी की खपत बढ़ जाती है। रायगढ़ में जगह जगह होलिका दहन हुई है, जहां आज लोग खूब मस्ती करेंगे। वहीं दोपहर में होली खेलने के बाद लोग नहाएंगे। बोरवेल से पानी सप्लाई होने से लोगों को नहाने में दिक्कत नहीं होगी।



फाईल फोटो।

### शांति और सौहार्द के साथ होली मनाने की अपील

प्रशासन और पुलिस ने नागरिकों से अपील की कि होली का पर्व भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं। किसी भी तरह की अवैध गतिविधियोंए हुड़दंग या अप्रिय घटना से बचें और प्रशासन के दिशा निर्देशों का पालन करें, ताकि सभी के लिए यह त्योहार सुरक्षित और सुखद रहे।

### अमृत मिशन का पानी दो टाइम मिलेगा

शहर में अमृत मिशन योजना के तहत सुबह और शाम दो टाइम ही पानी मिलेगा। यह पानी सुबह 7 से 8 और शाम को 4.30 से 5.30 तक मिलेगा। असल में टंकियों को भरने में अतिरिक्त समय लगने की वजह से एक्स्ट्रा सप्लाई नहीं होने की बात कही जा रही है। हालांकि 535 बोरवेल से सप्लाई में कोई रुकावट नहीं आने का दावा किया जा रहा है।

### पुलिस टीम अलर्ट

होली को लेकर पुलिस टीम अलर्ट है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि होली के दौरान तीन सवारीए तेज गति से वाहन चलाने और मॉडिफाइड साइलेंसर वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, फायर ब्रिगेड, पुलिस की टीमें डैम, तालाब और संवेदनशील स्थलों पर तैनात रहेंगी। पुलिस का कहना है कि किसी प्रकार का अफ़वाह ना फैलाए, सोशल मीडिया पर पुलिस की निगाह है। तथा अस्पताल और सभी इमरजेंसी सेवाएं अलर्ट मोड पर रहेगी। किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई है।

## महापौर एवं कमिश्नर ने ली सभी विभागों की समीक्षा बैठक

रायगढ़। महापौर जीर्वधन चौहान एवं आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने बुधवार को निगम सभा कक्ष में सभी विभागों की परिचय सह समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने सभी से परिचय प्राप्त कर कार्य की जानकारी ली। बैठक सुबह 11 बजे से शुरू हुई। बैठक में सबसे पहले कमिश्नर क्षत्रिय ने सभी विभाग प्रमुखों से महापौर श्री चौहान से परिचय कराया एवं कार्य क्षेत्र की जानकारी दी। इस दौरान महापौर श्री चौहान ने कहा कि सभी से अपेक्षाकृत अपने अपने विभागों के कार्यों को बेहतर तरीकों से करने की उम्मीद है। सभी के सहयोग से निगम के कार्यशैली को बेहतर और आमजन के लिए सुगम बनाना हमारा लक्ष्य होगा। शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ शहर के हर पात्र अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास होगा। इस दौरान महापौर ने सभी से परिचय प्राप्त करते हुए बेहतर कार्य करने की बात कही। बैठक में सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। महापौर श्री चौहान ने जल एवं स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने गर्मी के दिनों में शहर में पर्याप्त पानी आपूर्ति सुनिश्चित करने और शहर के सभी वार्डों में सफाई व्यवस्था सुदृण करने के निर्देश दिए।

# ट्रेलर चालक की हत्या रेलवे ट्रैक में फेंका शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



■ चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के जामगा का मामला

चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के जामगा स्थित एमएसपी प्लांट के समीप रेलवे ट्रैक में एक युवक का शव लहु लुहान हालत में पाया गया, सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और वस्तु स्थिति की जांच करने के बाद शव में कई जगह धारदार हथियार के निशान मिले। ऐसे में पुलिस को यह समझते देख नहीं लगा कि युवक की हत्या कर शव को यहां फेंक दिया गया है। शव की शिनाख्त ट्रेलर चालक के रूप में हुई है जो एमएसपी सहित आस पास के प्लांट में कोयला की सप्लाई करता था।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह करीब 8-9 बजे जामंगा स्थित एमएसपी फैक्ट्री के पास रेलवे क्रॉसिंग के आगे पटरियों पर युवक की लाश पर कुछ ग्रामीणों की नजर पड़ी, जब ग्रामीणों ने शव पास जाकर देखा तो उसके शरीर के कई हिस्सों में चोंट के निशान थे। ऐसे में हत्या की आशंका होने पर ग्रामीणों ने इस बात की जानकारी चक्रधर नगर पुलिस को दी। सूचना मिलते ही चक्रधर नगर थाना प्रभारी प्रशांत राव अहेर अपनी टीम के साथ रवाना हुए। इसी बीच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम भी मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंच कर पुलिस ने वस्तु स्थिति का जायजा लेते हुए प्राथमिक जांच शुरू की। शव की अवस्था को देखते हुए पुलिस को हत्या की आशंका हुई। जिसके बाद उक्त शव के बारे में आस पास के रहवासियों सहित एमएसपी प्लांट में कार्यरत कर्मचारियों सहित ट्रेलर चालकों से पूछताछ शुरू की गई। इसी बीच कुछ ट्रेलर चालकों ने शव की पहचान जितेन्द्र सिंह के रूप में की जो मूलतः गढवा झारखंड का निवासी था और यहां रह कर ट्रेलर चलाने का काम करता था। मृतक की शिनाख्त होने के बाद अब पुलिस उससे संबंधित सभी लोगों से पूछताछ कर उसकी बीते कुछ दिनों की गतिविधियों के बारे में जानकारी एकत्र कर रही है। वहीं इस हत्या की वजह जानने के लिए कड़ियों को जोड़ रही है ताकि आरोपी को गिरफ्तार किया जा सके।

**जांच जारी**

मृतक के सीने और गले में धारदार हथियार के निशान हैं। ऐसे में यह हत्या लग रही है। इस मामले में जांच की जा रही है।

प्रशांत राव अहेर
थाना प्रभारी, चक्रधर नगर

## सहायक अभियंता को गोली मारने की धमकी, नहीं हुई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

घरेलू विद्युत कनेक्शन का बकाया राशि जमा नहीं करने पर विभाग द्वारा विद्युत विच्छेद कर दिए जाने से नाराज उपभोक्ता द्वारा सहायक अभियंता को गोली मारने की धमकी देते हुए अश्लील शब्दों का प्रयोग किए जाने मामले में आज तक जयनगर पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज नहीं किए जाने से विभागीय अधिकारियों में रोष व्याप्त है।

गौरतलब है कि विद्युत विभाग बिश्रामपुर के सहायक अभियंता प्रतीक बारा द्वारा गत दिनों लिखित शिकायत जयनगर थाना में देकर कार्यवाही की मांग की गई थी। जयनगर पुलिस को दिए ज्ञापन में बिश्रामपुर विद्युत वितरण केंद्र बिश्रामपुर के सहायक अभियंता प्रतीक बड़ा द्वारा उल्लेख किया गया था कि ग्राम सिलफिली निवासी राममोहन राजवाड़े पिता संत कुमार द्वारा पिछले दो वर्षों से घरेलू विद्युत कनेक्शन का बिजली बिल की राशि करीब 24,690 रुपए का भुगतान विभाग को नहीं किया गया था। बिजली बिल की बकाया राशि जमा नहीं किए जाने पर शुक्रवार 7 मार्च को राममोहन राजवाड़े के घरेलू विद्युत कनेक्शन का विच्छेद करा दिया गया था। इसी बात पर क्षुब्ध होकर राममोहन राजवाड़े द्वारा विद्युत कनेक्शन को तत्काल जुड़वाए जाने हेतु सहायक अभियंता प्रतीक बारा व भटगांव के कनिष्ठ अभियंता संजय कुमार पटेल के साथ मोबाइल पर अश्लील गाली गलौज करते हुए गोली मारने की धमकी दी गई थी। सहायक अभियंता प्रतीक बारा ने बताया कि मामले में राममोहन राजवाड़े के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने दिए गए आवेदन पर आज तक जयनगर पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। जयनगर थाना प्रभारी टीआई नरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच हेतु बीट प्रभारी को आवेदन को दिया गया है। जांच उपरांत न्याय उचित कार्यवाही की जाएगी।

### फर्जी अंकसूची से नौकरी आंबा सहायक बर्खास्त

**सारंगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना सारंगढ़ के परियोजना अधिकारी ने आंगनबाड़ी केन्द्र दमदरहा 2, ग्राम दमदरहा में दीपा चौहान पति दुर्गा प्रसाद चौहान की आंगनबाड़ी सहायिका की नियुक्ति को निरस्त करने का आदेश जारी किया है। दीपा चौहान के कक्षा 8वीं के अंकसूची के संबंध में शिकायत प्राप्त होने पर कार्यालय द्वारा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड सराईपाली, जिला महासमुंद को अंकसूची सत्यापन के लिए पत्राचार किया गया था। कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सराईपाली के समग्र शिक्षा शासकीय उच्च प्राथमिक शाला रिमजी के प्रधान पाठक द्वारा दीपा चौहान के कक्षा 8वीं की सत्यापित अंकसूची की छायाप्रति उपलब्ध कराई गई।

## सारंगढ़ जपं में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष के साथ 23 सदस्यों ने ली शपथ

**सारंगढ़।** सारंगढ जनपद पंचायत सभागृह में बुधवार को निर्वाचित जनपद अध्यक्ष उपाध्यक्ष और सदस्यों का शपथ सम्मेलन संपन्न हुआ। जहां सीईओ राधेश्याम नायक ने अध्यक्ष उपाध्यक्ष के साथ 23 जनपद सदस्यों को शपथ दिलाई और सभी से एक होकर विकास की गति के अनुरूप जनहित में कार्य करने की बात कही।

सभी जनपद सदस्यों को उनके पदभार ग्रहण और होली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के शुभारंभ से अंत तक भाजपा जनपद सदस्यों ने जय श्री राम के सभा कक्ष में नारे लगाए तो दूसरी ओर कांग्रेस के जनपद सदस्यों ने हर हर महादेव के नारे लगाते रहे जहां पक्ष और विपक्ष की भूमिका सभी को स्पष्ट



नजर आई। शपथ सम्मेलन के पूर्व सिर में केसरिया गमछा बांधकर भाजपा समर्थित जनपद सदस्य एक साथ कार्यक्रम स्थल पहुंचे शपथ के पूर्व भाजपा नेत्री व जनपद सदस्य ने सीईओ से शपथ की औपचारिकताएं पूछी और कहा की क्या शपथ अनिवार्य है या जो शपथ ले रहे हैं। उसके बाद भाजपा नेत्रियों जनपद सदस्य रजनी चोक लाल पटेल ने भी कड़े शब्दों में अपनी बातें रखी। अंततः जनपद सीईओ ने स्पष्ट करते हुए कहा किया शपथ सम्मेलन है प्रदेश में हर जगह यह कार्यक्रम आयोजित है किसी बीडीसी को दबाव पूर्वक शपथ नहीं दिलाया जा रहा है। मैं शपथ की अपील कर रहा हूं जिन्हें लेना हो व शपथ ले सकते हैं इसके बाद अध्यक्ष श्रीमती ममता राजू सिंह ठाकुर एवं उपाध्यक्ष श्रीमती राजकुमारी चंद्र कुमार नेम के साथ सभी 23 सदस्यों ने शपथ लिया। उक्त अवसर पर श्रीमती उत्तरी गणपत जांगड़े विधायक सारंगढ़, पुरुषोत्तम साहू, संजय दुबेए अरुण मालाकार, राधे जायसवाल श्रीमती अनिका विनोद भारद्वाज श्रीमती सरिता गोपाल, चंद्र कु नेताम, रामचरण पटेल, राजीव सिंह ठाकुर, घनश्याम पटेल सरपंच सचिव जनपद सदस्य गण आदि जन बड़ी संख्या में शामिल रहे।

## चुनावी रंजिश को लेकर सरपंच दम्पती से मारपीट

**रायगढ़।** पुरानी रंजिश के चलते सात लोगों ने मिलकर एक सरपंच और उसकी पत्नी के साथ मारपीट की। आरोपियों ने उन्हें गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। मारपीट में सरपंच दंपती को मामूली चोटें आई हैं। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मीनगांव के सरपंच रोहित कुमार राठिया हाल ही में हुए उपसरपंच चुनाव के बाद से कुछ ग्रामीणों की नाराजगी झेल रहे थे। चुनाव को लेकर गांव के उत्तम कुमार, केशव कुमार, कमलेश गबेल, रामायण गबेल, चंद्रभान राठिया, भागीरथी और घसिया राम राठिया उनसे रंजिश रख रहे थे। मंगलवार शाम सभी आरोपी रोहित कुमार के घर के पास पहुंचे और चुनावी रंजिश को लेकर गाली गलौज करने लगे। जब सरपंच ने विरोध किया, तो उन्होंने उसे और उसकी पत्नी को मारने की धमकी देते हुए मापीट करने लगे। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बीच बचाव कर मामला शांत कराया। मारपीट में सरपंच रोहित कुमार राठिया और उनकी पत्नी को मामूली चोटें आईं। घटना के तुरंत बाद रोहित ने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस मामले में जोबी चौकी प्रभारी लक्ष्मी राठौर ने बताया कि उपसरपंच चुनाव के दौरान हुए विवाद के कारण दोनों पक्षों के बीच पुरानी रंजिश थी। उसी को लेकर मारपीट हुई।

## साथ में शराब पीने के बाद आपसी विवाद, एक की मौत

**रायगढ़।** तीन दोस्त शराब के नशे में कुछ दिन पहले आपस में मारपीट किए थे, जिससे एक युवक को गंभीर चोट लगने से अचानक तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल लाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस मामले को विवेचना में लिया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बिहार प्रांत के सिवान जिला अंतर्गत थाना जीरोदेही ग्राम तीतरा निवासी वीरेंद्र यादव पिता जानकी यादव 30 वर्ष विगत कुछ माह पहले काम की तलाश में रायगढ़ आया था, इस दौरान पूंजीपथरा थाना क्षेत्र के गेरवानी में स्थित चंद्रहासिनी इस्पात प्लांट में श्रमिक का काम मिलने से प्लांट के ही लेबर कालोनी में रहता था। ऐसे में विगत 28 फरवरी को उसने अपने दोस्त कुलदीप, पिंटू और संतोष के साथ मिलकर चारों ने जमकर शराब का सेवन किया, जिससे अधिक नशा होने के कारण वहीं पर पड़ गए थे। ऐसे में कुछ देर बाद किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया, जिससे वीरेंद्र यादव के साथ उसके दोस्तों ने मारपीट किया, इससे उसके सिर व शरीर में अंदरुनी चोट लग गई थी, जिससे आसपास में उपचार कराकर उसके कमरे पर छोड़ दिए, ऐसे में 11 मार्च को सुबह उसकी तबीयत ज्यादा नाजूक होने लगी, इससे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर आए, जहां भर्ती कर इलाज चल ही रहा था, कि दोपहर करीब एक बजे उसकी मौत हो गई। अस्पताल से भेजी गई तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने पंचनामा दर्ज कर घटना की सूचना उसके परिजनों को दिया, जिससे बुधवार को परिजनों के आने पर कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम कर पीएम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया है।

## मेडिकल कालेज में स्टाफ को विशेष निर्देश

# होली के लिए अलर्ट मोड में चिकित्सक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

होली के त्योहार को ध्यान में रखते हुए स्व. लखीराम अगव्राल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध संत बाबा गुरु घासीदास स्मृति शासकीय चिकित्सालय रायगढ़ की चिकित्सा व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने की व्यवस्था की गई है। अस्पताल अधीक्षक डॉ. मनोज कुमार मिंज ने डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल स्टाफ और अन्य संबंधित विभागों को अलर्ट मोड में रहने के लिए निर्देशित किया है।

होली के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना या आपातकालीन चिकित्सा स्थिति के संभावित मामलों को देखते हुए आपात चिकित्सा सेवाओं को चौबीसों घंटे चालू रखने के निर्देश दिए गए हैं। होली के दिन 14 मार्च को शासकीय अवकाश होने के कारण ओपीडी बाह्य रोगी विभाग बंद रहेगा, लेकिन इमरजेंसी सेवाएं पूर्ववत 24 घंटे उपलब्ध रहेंगी।



### सुरक्षा व्यवस्था भी होगी चाक चौबंद

अस्पताल परिसर में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिए सुरक्षा गार्ड आदेश किए गए हैं। सिक्योरिटी सुपरवाइजर को विशेष सतर्कता बरतने और सुरक्षा स्टाफ को चौकसी बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। आपात स्थिति में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय पुलिस से समन्वय किया गया है।साथ ही आपातकालीन सेवा का लैंडलाइन फोन 07762-220237 है। पूर्व की तरह 108 नंबर एम्बुलेंस सेवा की सहायता ली जा सकती हैं।

### आपात चिकित्सा सेवाओं को लेकर विशेष प्रबंध

आपातकालीन वार्डों में जीवन रक्षक दवाओं और आवश्यक संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। मेडिकल स्टाफ को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए गए हैं ताकि जरूरत पड़ने पर तत्काल सहायता दी जा सके। सभी डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ को इमरजेंसी ड्यूटी के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया गया है। मरीजों को समय पर इलाज मिल सकेए इसके लिए इमरजेंसी यूनिट को विशेष रूप से सशक्त किया गया है।

## बांस लोड वाहन अनियंत्रित होकर पलटा

■ सामने से आ रहा ट्रक भी क्षतिग्रस्त

**सरसींवा।** सरसींवा थाना से करीब 7 किलोमीटर दूर भटगांव रोड पर सेमरिया नाला के खतरनाक मोड़ पर एक बड़ा हादसा हुआ। वेस्ट बंगाल से बांस.बल्ली लेकर भाटापारा जा रहा तेज़ रफ़्तार मजदा ट्रक डब्ल्यूपी 29 5829 अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे सामने से आ रही पशु आहार से लदी ट्रक जेएच 02 एएन 1601 भी इसकी चपेट में आ गई। हादसे के कारण सड़क पर जाम लग गया और यातायात बाधित हो गया। हालांकि कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ।




प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मजदा ट्रक तेज़ रफ्तार में था और ओवरलोड थाए जिससे संतुलन बिगड़ गया। जैसे ही ड्राइवर सुभाष महतो ने सामने से आती ट्रक को देखा, उसने तेज़ ब्रेक लगाया, लेकिन भारी लोड के कारण ट्रक सीधा सड़क पर पलट गया। दूसरी ट्रक के ड्राइवर दीपक सिंह ने खुद को बचाने की कोशिश की, लेकिन वह भी पलटी हुई ट्रक से टकरा गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, हादसे के लिए मजदा ट्रक का ड्राइवर पूरी तरह जिम्मेदार था।

ट्रक तेज़ रफ़्तार में था, जबकि इस मोड़ पर धीमी गति जरूरी थी। ड्राइवर ने सही समय पर गति नियंत्रित नहीं की, जिससे यह हादसा हुआ। गौरतलब है कि सरसींवा भटगांव रोड पर आए दिन दुर्घटनाएँ हो रही हैं, लेकिन प्रशासन कोई कदम नहीं उठा रहा। कुछ दिन पहले भिनोदा में भी दो ट्रकों की भिड़ंत हुई थी, जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ था। ओवरस्पीडिंग, ओवरलोडिंग और शराब पीकर गाड़ी चलाने पर कोई नियंत्रण नहीं। अल्कोहल टेस्ट और ट्रकों की नियमित जांच नहीं हो रही।


13- Mar- RAG Bhoomi- pg -3_Layout 1 3/13/2025 6:59 PM Page 1



*नई दिल्ली। पर्व-त्योहार जिंदगी में रोमांच लाते हैं। एक ढर्रे पर चली आ रही जिंदगी में त्योहारों की आमद थोड़ा ठहराव देती है तो अपनों से मिलने-मिलाने का बहाना भी। ....और कहा जाए कि त्योहार मजहब की दीवार को भी तोड़ने का काम करते हैं तो शायद गलत नहीं होगा! बॉलीवुड के तमाम सितारे इसकी मिसाल पेश करते हैं। होली का त्योहार पास है। इंडस्ट्री के कई सितारे होली की तैयारी में जुट गए हैं। इनमें वह सितारे भी हैं, जिनका धर्म बेशक अलग है, लेकिन होली के रंग में वह पूरी तरह रंग जाते हैं।*

# धूमधाम से होली खेलते हैं ये मुस्लिम सितारे

## एक का तो जन्म के साथ ही जुड़ गया रंगों से नाता



### शाहरुख खान

शाहरुख खान उन एक्टर्स में शुमार हैं, जो अलग धर्म से होने के बाद भी हिंदू त्योहार खूब धूमधाम से मनाते हैं। उनके घर पर दिवाली की रौनक देखने लायक होती है। इसके अलावा किंग खान होली पर भी भव्य पार्टी का आयोजन करते हैं।

### सलमान खान



जब सेलिब्रेशन का मौका हो तो सलमान खान मजबह की दीवार को बीच में नहीं आने देते हैं। गणेश चतुर्थी हो या दिवाली, सलमान हर हिंदू त्योहार को पूरी शिद्दत से मनाते हैं। वह रंगो का पर्व भी पूरे उल्लास के साथ सेलिब्रेट करते हैं। सिर्फ सलमान ही नहीं, बल्कि पूरा खान परिवार यह त्योहार मनाता है। एक इंटरव्यू के दौरान सलमान ने कहा था, 'मैं हर साल इस त्योहार का मजा उठाता हूं और पूरे दिल से होली खेलता हूं। इस दिन हमारा परिवार और करीबी दोस्त इकट्ठे होते हैं। ज्यादातर हम फार्म हाउस पर होली मनाते हैं।'



### आमिर खान

बॉलीवुड के मि. परफेक्शनिस्ट भी खूब धूमधाम से होली मनाते हैं। दिलचस्प बात यह है कि आमिर का होली से खास कनेक्शन है। दरअसल, एक्टर का जन्म ही होली के मौके पर हुआ। बता दें कि आमिर खान का जन्म 14 मार्च, 1965 को हुआ था, उस साल इस दिन होली का पर्व था। जन्म के साथ ही आमिर का रंग से नाता जुड़ गया था। एक इंटरव्यू के दौरान आमिर खान ने जिक्र किया था, 'जिस दिन मेरा जन्म हुआ था तो दाई मां ने सबसे पहले मेरे गालों पर रंग लगाया था।' यही वजह है कि आमिर इस त्योहार को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं। उनका पूरा परिवार होली खेलता है। आमिर अपने इस जन्मदिन पर 60 वर्ष के हो रहे हैं और सेलिब्रेशन भी बड़ा होने वाला है।

### जावेद अख्तर-शबाना आजमी

जावेद अख्तर और शबाना आजमी की होली पार्टी मशहूर है। बता दें कि शबाना आजमी के पिता कैफी आजमी ने होली पार्टी की शुरुआत की थी, तब से जावेद अख्तर और शबाना भी इस रवायत को निभाते आ रहे हैं। इस होली पार्टी में जोया अख्तर, फरहान अख्तर और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ करीबी दोस्त और स्टार्स भी शामिल होते हैं। सभी ढोल-नगाड़ों पर जमकर थिरकते हैं।



# इन बॉलीवुड सेलेब्स के घर धूमधाम से होती थी होली पार्टी, अचानक हो गई बंद, जानें क्यों पड़ा रंग में भंग

**नई दिल्ली।** वैसे तो होली हर कोई मनाता है, लेकिन हिंदू धर्म में इसको लेकर कई मान्यताएं हैं। होली के दौरान लोग पार्टी रखते हैं, लेकिन जो पार्टी बॉलीवुड के कुछ सेलेब्स मनाते थे वो दौर आज तक नहीं लौटा। बॉलीवुड के उन सेलेब्स की होली पार्टी काफी मशहूर थी, लेकिन अब किसी ना किसी वजह से वो पार्टी अब नहीं होती है। राज कपूर से लेकर अमिताभ बच्चन और सुभाष घई की होली पार्टी की धूम मुंबई में देखने को मिलती थी, फिर ऐसा क्या हुआ कि उनकी होली पार्टी को रोक दिया गया. इसके पीछे सभी की अपनी-अपनी वजहें हैं।

### बॉलीवुड की फेमस होली पार्टी अब नहीं होती

बॉलीवुड में होली का मतलब फुल ऑन मौज-मस्ती और धूमधाम होता है। सालों से इंडस्ट्री में होली पार्टी होती आ रही है, लेकिन जो एक दौर में हुआ करती थी वो माहौल अब नहीं बना।

### आर के स्टूडियो

कपूर खानदान बॉलीवुड की फेमस फैमिली में एक है। 'द शो मैन' राज कपूर जितनी बेहतरीन फिल्में बनाते थे उनका मिजाज भी उतना ही बेहतरीन था. बताया जाता है कि राज कपूर काफी खुले दिल के इंसान थे और वो हर पल में खुशी ढूंढ लिया करते थे। कम उम्र में उन्होंने अपना आरके स्टूडियो बनाया और वहां हर साल धूमधाम से होली पार्टी होती थी। होली की



महफिल में बॉलीवुड के तमाम सेलेब्स पहुंचते थे और इसमें तड़का राज कपूर ही लगाते थे। साल 1988 में राज कपूर का निधन हुआ और उसके बाद से ये होली पार्टी बंद कर दी गई।

### बच्चन फैमिली

90 के दशक के दौर तक अमिताभ बच्चन ने भी अपने घर में होली पार्टी रखनी शुरू की। इस सेलिब्रेशन में लगभग सभी सेलिब्रिटीज को बुलाया जाता था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जब अमिताभ बच्चन ने ये प्रचलन शुरू किया तो शुरुआत में सब ठीक था, लेकिन बाद में उनकी एक के बाद एक फिल्में फ्लॉप होने लगीं। ऐसा बताया जाता है जब बिग बी ने किसी ज्योतिष को दिखाया तो उन्होंने होली पार्टी बंद करने की सलाह दी और बिग बी ने उसे माना।

### सुभाष घई की पार्टी

बॉलीवुड के फेमस फिल्म मेकर सुभाष घई भी अपने घर पर होली पार्टी रखते थे। इसमें शाहरख खान इस तरह शरीक होते थे मानो ये उनकी ही होली पार्टी हो। यहां वो अपनी पत्नी गौरी खान के साथ खूब मस्ती करते थे। इनके अलावा बॉलीवुड के तमाम सेलेब्स इस पार्टी में शामिल होते थे। यूट्यूब पर आज भी कुछ वीडियो आपको सुभाष घई की होली पार्टी के मिल जाएंगे। हालांकि, समय के साथ ये पार्टी बंद हो गई।

### अख्तर फैमिली

फेमस एक्ट्रेस शबाना आजमी और राइटर जावेद अख्तर पति-पत्नी हैं और वो अपने घर में होली पार्टी रखते थे। होली पार्टी का रिवाज उनके घर में लगभग 40 साल पुराना है जिसे शबाना आजमी अपने पिता कैफी आजमी के साथ थ्रो करती थीं। कोरोना के बाद ये दौर बंद हो गया और अब उस स्तर की होली पार्टी अख्तर फैमिली में नहीं होती है।

### रणबीर कपूर ने बताया कैसी होती थी दादा राज कपूर की होली

*नई दिल्ली। राज कपूर फिल्ममेकर और एक्टर के रूप में ही नहीं, बल्कि लेजेंड्री पार्टी होस्ट के तौर पर भी जाने जाते हैं। कई साल तक कपूर फैमिली बड़ी ग्रैंड पार्टी आरके स्टूजियोज में होस्ट करते थे, जिसमें बॉलीवुड के नामी सेलेब्स शिरकत करते हुए नजर आते थे। हालांकि, सुपरस्टार के पोते रणबीर कपूर को होली की ऑइकॉनिक पार्टीज डरा देती थीं।*



*रणबीर कपूर ने कहा, मैं बहुत यंग था तो ये मेरे लिए बेहद डरावना माहौल था। सभी काले और दूसरे कलर्स में रंगे हुए थे। सबको ऐसे ट्रक में फेंका जा रहा है। मुझे लगता है कि आपकी यादें बेहतर होंगी... आप सही कह रहे थे, सब काले नीले- पीले होते थे। यह एक दिन का उत्सव हुआ करता था। बचपन में इन पार्टियों के प्रति कभी-कभार नापसंदगी के बावजूद, रणबीर ने स्वीकार किया कि कैसे ये समारोह एकता के दुर्लभ पल थे। एनिमल एक्टर ने कहा, 'मैंने सुना है कि सिर्फ एक्टर और एक्ट्रेसेस ही नहीं, बल्कि फिल्म इंडस्ट्री का हर व्यक्ति इसमें शामिल था।*

# दीपिका की 'दुआ' से लेकर यामी के 'वेदाविद' तक ये बच्चे खेलेंगे मम्मी-पापा संग पहली होली

*नई दिल्ली। होली अधिकतर लोगों का पसंदीदा त्यौहार है। अभी इस फेस्टिवल में दो दिन बाकी हैं, लेकिन उससे पहले ही हर जगह इसे लेकर लोगों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। रंगों से भरे इस त्यौहार को बॉलीवुड सितारे भी बहुत ही धूमधाम से मनाते हैं। करीना कपूर से लेकर सोहा अली खान तक कई सितारे अपने बच्चों की कलर लेकर एक-दूसरे के साथ मस्ती करते हुए तस्वीरें शेयर करती हैं। 14 मार्च की ये होली कुछ टीवी और बॉलीवुड अभिनेत्रियों के लिए तो बेहद ही खास होने वाली है, क्योंकि मां बनने के बाद पहली बार वह अपने बच्चों के साथ इस फेस्टिवल को सेलिब्रेट करेंगी।*

### दीपिका पादुकोण की 'दुआ'

दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने बीते साल 8 सितंबर को अपनी बेटी का स्वागत किया था। ऐसे में दीवाली तो उन्होंने बेटी के साथ मना ली, लेकिन ये कपल अपनी बेटी के साथ पहली होली सेलिब्रेट करता हुआ दिखाई देगा। दीपिका पादुकोण की बेटी दुआ की एक झलक देखने के लिए फैंस भी बेकरार हैं।

### यामी गौतम का बेटा 'वेदाविद'

दीपिका पादुकोण के अलावा यामी गौतम और उरी के निर्देशक आदित्य धर भी अपने बेटे वेदाविद के साथ पहली होली मनाने के लिए काफी एक्साइटेड हैं। 4 जून 2021 में अपने होमटाउन हिमाचल में यामी गौतम ने आदित्य धर से शादी की थी और तीन साल बाद 10 मई 2024 को इस कपल ने अपने बेटे का स्वागत किया।

### प्रिंस नरूला की बेटी 'इकलिन'

बॉलीवुड के अलावा टीवी की दुनिया में भी कई सितारों के घर बच्चों की किलकारियां गूंजी। इनमें से एक रोडीज के जज प्रिंस नरूला और युविका चौधरी हैं, जिन्होंने इस साल 2 जनवरी को अपनी बेटी का स्वागत किया। उनकी बेटी का नाम इकलिन है। यह कपल भी अपनी बेटी के साथ पहली होली सेलिब्रेट करेगा।



### श्रद्धा आर्या के ट्विन्स

रुबीना दिलैक की तरह ही कुंडली भाग्य की 'प्रीता' उर्फ श्रद्धा आर्या के घर में ट्विन्स हुए। उन्होंने 29 नवंबर 2024 को बेबी गर्ल और बेबी ब्वॉय को जन्म दिया था, जिनके साथ वह और उनके पति राहुल नागल धूमधाम से पहली होली मनाने की तैयारी कर रहे हैं।

### वरुण धवन की बेटी 'लारा'

2021 में अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड नताशा दलाल के साथ गुपचुप शादी रचाने वाले 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' एक्टर वरुण धवन की बेटी 'लारा' की भी ये माता-पिता संग पहली होली है। उनकी बेटी का जन्म जून 2024 में हुआ था।

### ऋचा चड्ढा की बेटी जुनेरा इदा फजल

यामी गौतम के कुछ दिनों बाद ही फरवरी में ऋचा चड्ढा ने भी अपनी प्रेग्नेंसी की घोषणा की थी। 'फुकरे' स्टार ऋचा और अली फजल ने 4 अक्टूबर 2022 को धूमधाम से शादी की थी। शादी के तीन साल बाद उनकी जिंदगी में एक प्यारी परी जैसी बेटी आई। ऋचा की बेटी का जन्म 16 जुलाई 2024 को हुआ। ये कपल भी अपनी बेटी के साथ पहली होली खेलने की तैयारी कर रहा है।

## टीवी मसाला

# ईशा सिंह ने ठुकराया रोहित शेट्टी के शो का ऑफर!

**नई दिल्ली।** सलमान खान का रिएलिटी शो 'बिग बॉस' खत्म होने के बाद कलर्स चैनल पर रोहित शेट्टी का स्टंट बेस्ड शो 'खतरों के खिलाड़ी' ऑनएयर होता है। इस बार 15वां सीजन आएगा और इसमें कौन-कौन से



कंटेस्टेंट्स हिस्सा लेंगे, इसकी चर्चा जोरशोर से हो रही है। खबर थी कि 'बिग बॉस 18' में नजर आ चुकीं ईशा सिंह अब टीवी पर खतरों से खेलती नजर आएंगी, लेकिन उनके फैंस के लिए एक बुरी खबर है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, सूत्र ने खुलासा किया है कि ईशा सिंह को खतरों के खिलाड़ी 15 के मेकर्स की तरफ से ऑफर आया था। सूत्र ने कहा, 'हां, ये सच है कि ईशा को शो के लिए संपर्क किया गया है और मेकर्स वास्तव में उन्हें अपने शो के साथ जोड़ने के लिए काफी एक्साइटेड हैं। लेकिन, वो इस साल ये शो नहीं करने जा रही हैं और उन्होंने ऑफर को ठुकरा दिया है।' इससे पहले रिपोर्ट में बताया गया था कि मोहसिन खान भी इस खतरों के खिलाड़ी 15 का हिस्सा नहीं होंगे। एक्टर से इस बारे में 'बात नहीं की जा रही है।' यानी ईशा की तरह ही मोहसिन भी इस साल इस शो का हिस्सा नहीं होंगे। इस सीजन के लिए एल्विश यादव, चुम दरांग, अविनाश मिश्रा, गौतम गुलाटी, मल्लिका शेरावत और अन्य कुछ जाने-माने सेलेब्स से संपर्क किया गया है। रिपोर्ट्स बताती हैं कि 'खतरों के खिलाड़ी 15' की शूटिंग मई के आसपास शुरू होगी। इसका प्रीमियर जून या जुलाई महीने में टीवी पर होगा।

### अब्दु ने लिया 'लाफ्टर शेफ्स 2' से ब्रेक अब एल्विश का पार्टनर बनेगा करण

**नई दिल्ली।** 'लाफ्टर शेफ्स 2' से जुड़ी अहम जानकारी सामने आई है। शो के कंटेस्टेंट अब्दु शो से ब्रेक ले रहे हैं। जी हां, रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब्दु अपने परिवार के साथ रमजान मनाना चाहते हैं, इसलिए वह 'लाफ्टर



शेफ्स 2' से छोटा-सा ब्रेक ले रहे हैं। अब्दु की जगह करण कुंद्रा, एल्विश का साथ देंगे। याद दिला दें, पहले सीजन में करण कुंद्रा, अर्जुन बिज्लानी के पार्टनर बने थे। उन्होंने इस शो से काफी कुछ सीखा था। यानि आने वाले एपिसोड्स में अंकिता लोखंडे, कृष्णा अभिषेक, रुबीना दिलैक, विकी जैन, एल्विश यादव, राहुल वैद्य, अभिषेक कुमार, समर्थ जुरेल, मन्नारा चोपड़ा, सुदेश लेहरी और कश्मीरा शाह के साथ करण कुंद्रा नजर आएंगे। वहीं भारती सिंह शो होस्ट करेंगी और शेफ हरपाल सिंह सोखी जज की भूमिका निभाएंगे। करण कुंद्रा की बात करें तो उन्होंने हाल ही में अपनी गर्लफ्रेंड तेजस्वी प्रकाश के लिए एक वीडियो बनाया था।

# 85 साल पहले रिलीज हुआ था होली का पहला गाना...

**नई दिल्ली।** रंगों की त्योहार हो और बेहतरीन पकवानों के साथ नाच-गाना न हो ऐसा कैसे हो सकता है। हिंदी सिनेमा में हर त्योहार की झलक यूं तो देखने को मिलता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि बॉलीवुड की वो पहली कौन सी फिल्म थी, जिसमें होली की मस्ती देखनी को मिली थी। बॉलीवुड फिल्मों में होली के यूं तो आपने कई गानें सुने होंगे, लेकिन, क्या आपको वो पुराने गाने याद हैं, जो आपके दादा-दादी या नाना-नानी के टाइम पर काफी फेमस थे। आज हम आपके के लिए होली के सिर्फ पुराने गानों की लिस्ट लेकर आए हैं, जिसकी मदद से आप अपनी होली को और ज्यादा मजेदार कर सकते हैं। बॉलीवुड में सालों से होली के कई गानें सुनते आए हैं। हर साल इन गीतों की खूब धूम रहती है। कुछ गाने तो ऐसे हैं जिन्हें आए 60 सालों से ज्यादा हो गए। लेकिन, आज भी लोग उन्हें खूब गुनगुनाते हैं। क्या आप जानते हैं होली का पहला गाना आजादी से पहले रिलीज हुआ था।



***'औरत' से होली के गानों की की गई थी शुरुआत :*** होली के गानों की शुरुआत ब्लैक एंड व्हाइट दौर से हुई थी। साल 1940 में रिलीज हुई फिल्म 'औरत' से होली के गानों की शुरुआत की गई थी। होली पर गाना बनाने का सबसे पहला ख्याल निर्देशन महबूब खान को आया। महबूब खान ने ही भारतीय सिनेमा की सबसे यादगार फिल्म मदर इंडिया को बनाया था। इस गीत के बोल हैं 'आज होली खेलेंगे साजन के संग'। इस गाने को सिंगल अनिल बिश्वास ने अपनी शानदार आवाज में गाया था। इसी फिल्म में एक और गाना दर्शकों को सुनने के लिए मिला, जिसके बोल हैं। जिसके बोल हैं 'जमुना तट पर होली खेलते श्याम'।

# शोले से लेकर रांझणा तक होली के दृश्यों ने बनाया फिल्मों को यादगार

**नई दिल्ली।** होली का त्योहार हमारी जिंदगी को खुशियों से भर देता है, अपनों के साथ वक्त गुजारने का अवसर भी देता है। होली का यही त्योहार हिंदी फिल्मों में भी खूब दिखाया जाता है। कुछ फिल्में ऐसी हैं, जिसमें होली के दृश्यों ने कहानी को अलग मोड़ दिया। जानिए, हिंदी फिल्मों के ऐसे ही कुछ यादगार होली दृश्यों के बारे में जिनके कारण कहानी आगे बढ़ी।

***रांझणा :*** फिल्म 'रांझणा' में जब होली दिखाई जाती है तो अभिनेता धनुष के किरदार कुंदन को सोनम कपूर का किरदार जोया रंग लगाता है। यही वह पल होता है, जब कुंदन, जोया के प्यार में पूरी तरह



से डूब जाता है। वह प्यार की एक अलग दुनिया का हिस्सा बन जाता है।

***मोहब्बतें :*** शाहरुख खान और अमिताभ की फिल्म 'मोहब्बतें' की कहानी अनुशासन और प्यार के बीच एक लड़ाई को दिखाती है। अमिताभ ने इसमें एक सख्त प्रिंसिपल का रोल है। फिल्म में शाहरुख म्यूजिक टीचर बने हैं, जो बच्चों को प्यार का मतलब बताते हैं। फिल्म में प्रिंसिपल बने अमिताभ बच्चन की सख्ती के बावजूद कुछ बच्चे बाहर जाकर, शाहरुख खान के साथ होली मनाते हैं। इससे कहानी में प्रिंसिपल के अनुशासन को चुनौती मिलती है।

***डर :*** शाहरुख ने फिल्म 'डर' में एक नेगेटिव रोल किया था, जो किरण (जूही चावला) को छिप-छिपकर डराता है, परेशान करता है। लेकिन होली के दृश्य में शाहरुख का किरदार राहुल, होली के माहौल का फायदा उठाकर किरण को रंग लगता है। इस दृश्य में ही किरण का प्रेमी और होने वाले पति सुनील, राहुल का पीछा करता है लेकिन उसे पकड़ नहीं पाता है।


***सिलसिला :*** फिल्म 'सिलसिला' में तो होली पर एक पूरा गाना 'रंग बरसे' फिल्माया गया है। लेकिन, इसी गाने में अमित (अमिताभ बच्चन) और चांदनी (रेखा) के बीच अफेयर की बात, अमित की पत्नी (जया बच्चन) और चांदनी के पति (संजीव कुमार) को पता चलती है। फिल्म की कहानी में होली के इसी सींस से अलग मोड़ आता है।

***शोले :*** फिल्म 'शोले' में तो होली के गाने के बाद ही गब्बर और जय-वीरू का आमना-सामना होता है। गब्बर अपनी ताकत, अपना डर गांव वालों को दिखाता है। लेकिन जय और वीरू, गब्बर और उसके गुंडों का सामना करते हैं, उन्हें भागने पर मजबूर करते हैं। लेकिन इसके बाद गब्बर, जय और वीरू को मारने की ठान लेता है।

## रंग बरसे भीगे चुनरवाली, रंग बरसे अरे कैने मारी पिचकारी तोरी भीगी अंगिया रंग रसिया, रंग रसिया

# ... इन मस्ती भरे बॉलीवुड गानों संग मनाएं त्योहार

*नई दिल्ली। होली पर्व 14 मार्च को पूरे देश में धूमधाम मनाया जाएगा। लोगों ने अपने-अपने दोस्तों और परिवार के साथ होली में रंग जमाने की पूरी तैयारी कर ली है। होली आते ही हर किसी का दिल खुशी से झूठ उठता है। इस रंग भरे त्योहार में हर कोई मन-मुटाव भुलाकर दुश्मनों को भी गले लगा लेता है। आज आपको उन फिल्मों के बारे में बताते हैं, जिनमें होली के त्योहार को इस तरह से दिखाया गया, कि लोग आज भी इन फिल्मों के रंग भरे गाने भूला नहीं पाए हैं। होली, भारत का सबसे रंगीन त्योहार है। बॉलीवुड की कई फिल्मों में होली के त्योहार को ना सिर्फ उत्सव के रूप में दिखाया, बल्कि इसे कहानी का एक अहम हिस्सा बनाकर प्यार, नफरत, एकता और मस्ती के भाव को उभारा है।*




**रंग बरसे :** यश चोपड़ा की क्लासिक फिल्म सिलसिला में होली का गाना 'रंग बरसे' आज भी हर होली के त्योहार का हिस्सा बन जाता है। अमिताभ बच्चन और रेखा के बीच की केमिस्ट्री इस गाने में हर किसी को याद होगी। फिल्म में होली का सीन प्यार और सामाजिक बंधनों के बीच की जटिलता को दर्शाता है।

**अरे जा रे हट नटखट :** 1959 में आई फिल्म नवरंग का गाना 'अरे जा रे हट नटखट, ना छू रे मेरा घूंघट' तो आज की जनरेशन भी खूब गुनगुनाती है। इस गानें के हिन के बिना होली अधूरी है।

**जोगी जी :** नदिया के पार फिल्म का गाना 'जोगी जी हां जोगी जी' भी होली के लिए परफेक्ट गाना है। इस गाने का नशा भांग के नशे से भी ज्यादा है। ये गाना आपकी होली में प्यार के रंग भर देगा।

**बलम पिचकारी :** बॉलीवुड की एक और सुपरहिट फिल्म 'ये जवानी है दीवानी' में 'बलम पिचकारी' गाने ने युवाओं के बीच होली को एक नया रंग दिया। रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण की जोड़ी इस गाने में मस्ती और दोस्ती का रंग बिखेरती नजर आई। यह गाना आज भी होली पार्टियों में जमकर बजाया जाता है।

**लहू मुंह लग गया :** संजय लीला भंसाली की इस



फिल्म 'गोलियों की रासलीला राम-लीला' में होली का गाना 'लहू मुंह लग गया' प्यार और जुनून का अनोखा मेल दिखाता है। रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण के बीच की शानदार केमिस्ट्री और भंसाली की सिनेमाटोग्राफी ने इस सीन को यादगार बना दिया।

**होली खेले रघुवीरा :** अमिताभ बच्चन और हेमा मालिनी की फिल्म बागबान का गाना होली खेले रघुवीरा एवरग्रीन सॉन्ग है। इस गाने के बिना होली अधूरी है। बरसों पहले आया ये गाना आज भी लोगों के बीच काफी पॉपुलर है।

**डू मी ए फेवर लेट्स प्ले होली :** अमिताभ बच्चन, अक्षय कुमार और प्रियंका चोपड़ा की फिल्म वक्त का गाना – डू मी ए फेवर लेट्स प्ले होली- इस गाने के बजते ही पार्टी में लोगों के कदम अपने आप ही थिरकने लग जाते हैं।

**सोनी-सोनी :** साल 2000 में आई ब्लॉकबस्टर फिल्म मोहब्बतें के गाने उस दौर में काफी पॉपुलर हुए थे। इस फिल्म में होली से लेकर दीवाली तक पर फिल्माए गाने हैं। फिल्म का गाना सोनी-सोनी काफी पॉपुलर हुआ। आज भी ये गाना हर पार्टी की शान है।






**आज ना छोड़ेंगे :** राजेश खन्ना की फिल्म कटी पतंग का गाना 'आज ना छोड़ेंगे' होली के हिट गानों में से एक है। अगर आप भी होली की प्ले लिस्ट तैयार कर रहे हैं, तो इस गाने को एड करना मत भूलिएगा।

**होली के दिन दिल मिल जाते हैं :** शोले बॉलीवुड की वो फिल्म जिसके चर्चे फिल्म इंडस्ट्री में आज भी होते हैं। फिल्म की कहानी और एक-एक स्टार कास्ट को फैंस भूल नहीं पाए हैं। फिल्म के यूं तो सभी गानें हिट रहे. लेकिन बात होती की हो तो इस फिल्म का गाना 'होली के दिन दिल मिल जाते हैं' को नहीं भूला जा सकता। इस गीत की गिनती सदाबहार गानों में होती है। इस गाने में धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की जबरदस्त केमिस्ट्री देखी गई थी।

## खबर संक्षेप

### केराझरिया वृद्धाश्रम में होली मिलन समारोह आज

**चांपा।** तपसी बाबा जन सेवा समिति द्वारा शुक्रवार 14 मार्च को शाम 5 बजे तपसी धाम वृद्धाश्रम, केराझरिया में होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष शिशुपाल सिंह राजपूत एवं ग्राम पंचायत लछनपुर के सरपंच गेन्द्र राम कुर्रे उपस्थित रहेंगे। समिति के अध्यक्ष ने सभी सदस्यों से अनुरोध किया है कि वे इस आयोजन में उपस्थित होकर वृद्धाश्रम के निवासियों के साथ होली के रंग और उल्लास को साझा करें तथा उनके जीवन में आनंद और उत्साह का संचार करें। यह आयोजन वृद्धाश्रम के निवासियों के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है, जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम, रंग गुलाल का खेल और आपसी सौहार्द्र का संदेश दिया जाएगा।

### तुस्मा में चौक-चौराहों पर होगी तीसरी आंख से निगरानी

**तुस्मा।** नवागढ़ विकास खण्ड अतंर्गत ग्राम पंचायत तुस्मा में होली पर्व पर हुड़दंग करने वालों पर नजर रखने पंचायत स्तर पर पहल करते हुए एक लाख रुपए खर्चकर चौक-चौराहों पर सीसीटीव्ही कैमरे लगाए गए है। रंगों का पर्व होली इस वर्ष 14 मार्च को मनाया जाएगा। पर्व के मद्देनजर गांव के चौंक चौराहों पर किसी भी प्रकार की हुड़दंग और शांति भंग न हो इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए तुस्मा सरपंच सुष्मिता तरुण साहू ने गांव की चौंक-चौराहों की निगरानी के लिए सीसीटीव्ही कैमरे लगवाए है। सीसी कैमरे लगने से गांव में होने वाले अपराधों पर नजर रहेगी वहीं लोग शांति पूर्वक होली त्योहार मना सकेंगे। पंचायत प्रतिनिधियों ने लोगो से अपील भी किया है कि होली त्योहार शांति एवं सौहाद्र पूर्वक मनाएं। आपसी भाई चारा का परिचय देते हुए विवाद की स्थिति निर्मित होने न दे। होली के दिन वाहनों को धीरे चलाए ताकि गांव के चौंक चौराहों पर छोटे-छोटे बच्चों को रंगों का महापर्व होली पर्व को शांति और सौहाद्र पूर्ण से मनाया जा सके। होली त्योहार में गांव के ज्योदगीर मोहल्ला, मंडली चौंक, महामाया चौंक, बाड़ा पारा मोहल्ला,नीम कुआं चौंक, कपूरताल मोहल्ला,बाजार चौंक,आमा पारा मोहल्ला, सतनामी मोहल्ला, सड़क पारा, टिकरीपारा, शबरी डेरा की निगरानी तीसरी आंख से होगी।

### सड़क जाम करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**नवागढ़।** होली पर्व के मद्देनजर रखते हुए नवागढ़ थाना प्रभारी भास्कर शर्मा द्वारा नवागढ़ थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिकों की बैठक नवागढ़ थाना में आयोजित की गई। थाना प्रभारी भास्कर शर्मा ने सभी गांव से आए हुए नवनिर्वाचित सरपंच एवं जनपद सदस्य क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधियो को समझाइस देते हुए बताया कि अपने-अपने गांव में शांतिपूर्ण तरीके से होली का त्यौहार प्रेम एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाए। किसी भी तरह के लड़ाई झगड़ा की शिकायत मिलने पर तत्काल नवागढ़ थाना को सूचित करें, शराब पीकर क्षेत्र में हुड़दंग करने वाले को किसी भी सूरत में नहीं छोड़ा जाएगा चाहे कोई भी हो। नवागढ़ थाना क्षेत्र के सभी गांवो में पुलिस के पेट्रोलिंग पार्टी नियमित गशत करेगी। किसी भी तरह की हुडदंगियों के खिलाफ तत्काल सूचना नवागढ़ थाने में दे, सभी ग्राम पंचायत के सरपंचों एवं जनप्रतिनिधियों को थाना प्रभारी के द्वारा सभी बीट प्रभारीयों का नंबर दिया गया है। थाना प्रभारी शर्मा के द्वारा बताया गया कि हरे भरे पेड़ों कोई नुकसान ना पहुंचाएं एवं आम रास्तों पर सड़क जाम कर आवागमन को अवरुद्ध न करें सड़क पर रास्ता रोकने पर पर एवं पेड़ों को काटने पर संबंधित हो खिलाफ तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाएगी। तहसीलदार पंकज बघेल ने कहा कि अभिभावक किसी भी नाबालिक बच्चों को वाहन न दे। तीन सवारी बैठाने एवं बाइक में लापरवाही बरतने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर कंडे व लकड़ी का किया अर्पण

# जगह-जगह होलिका दहन, रंगों का पर्व होली आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

रंगों का पर्व होली शुक्रवार 14 मार्च को अंचल में धूमधाम से मनाया जाएगा। गुरुवार की रात्रि में लोगों ने होलिका दहन से पूर्व विधि विधान से पूजा अर्चना कर कंडे व लकड़ी का अर्पण किया। वहीं नंगाड़ों के थाप के साथ पूरा माहौल होली के मस्ती में मशगुल हो गया है।

होली को लेकर बच्चों के लिए जहां बड़ों ने रंग पिचकारी एवं मुखौटे खरीदे, वहीं अपने लिए अबीर गुलाल भी लिया। महंगी होने के कारण हर्बल गुलाल की बिक्री कम हुई। फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को यह पर्व मनाया जाता है। हिन्दू काल ज्योतिष गणना के मुताबिक यह वर्ष का अंतिम दिवस होता है। इसके पूर्व रात्रि में जगह-जगह लोगों ने होलिका दहन किया। हालांकि इस बार होलिका दहन के लिए लोगों को शुभ मुहूर्त के लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ा। गुरुवार को सुबह 10.35 बजे से भद्र लगने की वजह से रात्रि 11 बजकर 35 मिनट के बाद होलिका दहन किया गया। ऐसी मान्यता है कि इस पर्व पर बुरे विचारों के शमन के प्रतीक के रुप में होलिका दहन की जाती है। महिलाओं ने होलिका दहन के पूर्व हिन्दू मान्यता के अनुसार विधि विधान से पूजा -पाठ किया एवं लकड़ी एवं कंडे का अर्पण किया।



बुराई के प्रतीक पर्व होलिका का हुआ दहन।

14 मार्च को इंद्र धनुषी रंगों का पर्व होली मनाई जाएगी। इसको लेकर बच्चों में भारी उत्साह है। शहर के कचहरी चौक, पुराना बस स्टैण्ड सहित अन्य जगहों पर रंग गुलाल, पिचकारी की दुकानें सजी हुई है। आज पूरे दिनभर रंग, गुलाल, मुखौटों की बिक्री हुई। वहीं नंगाड़ों के थाप के साथ पूरा माहौल होली के मस्ती में मशगुल हो गया है। कुछ मतवाले किस्म के लोगों की तैयारियां अलग है, इसके लिए पहले से ही भांग मंगाई जा चुकी है। विशेषकर युवक-युवतियों को होली पर्व का सुबह का बेसब्री से इंतजार है। वे होली में खूब मस्ती करना चाहते हैं। दूसरी ओर पुलिस की भी चाक-चौबंद व्यवस्था है।



रंग गुलाल की खरीददारी करते नगरवासी

### चप्पे-चप्पे पर पुलिस, हुड़दंगियों की खैर नहीं



होली में हुड़दंग रोकने जिले में चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती रहेगी। होली के दौरान सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाए रखने जिलेभर में बड़ी संख्या में पुलिस जवानों की ड्यूटी लगाई गई है। होली का पर्व शांतिपूर्वक मनाने के लिए पुलिस प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। होली के दौरान हुडदंगियों पर नजर रखने चीता पार्टी के अलावा पेट्रोलिंग पार्टी भी बनाई गई है। गुरुवार 13 मार्च से ही पुलिस की डयूटी शुरू हो गई है। रंगों का पर्व होली शुक्रवार 14 मार्च को मनाया जाएगा। इसके पूर्व गुरूवार 13 मार्च की रात्रि में होलिका दहन होगा। इसको लेकर जिले का पुलिस महकमा पूरी तरह से अलर्ट हो गया है। होली पर शांति व्यवस्था बनाए रखने चाक चौबंद व्यवस्था बनाई गई है। जिले के सभी थाना व चौकी क्षेत्र अंतर्गत लगातार पुलिस द्वारा पेट्रोलिंग कर हुड़दंगियों व संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। बाइक पेट्रोलिंग से गांव-शहर की सकरी गलियों तक पुलिस की पहुंच रहेगी। जिले के सभी थाना चौकियों में चीता स्क्वायड बनाया गया है, जिसके द्वारा हुड़दंगियों करने वालो के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जावेगी। महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए महिला पुलिस बल को भी चीता स्क्वायड में रखा गया है। यह टीम लगातार पेट्रोलिंग कर हुड़दंगियों पर सख्त नजर रखेगी। होली पर डीजे बजाने की अनुमति नहीं होगी। इनके विरूद्ध भी कार्रवाई की जाएगी। इसी प्रकार दोपहिया वाहन में तीन सवारी, मुखौटा लगाकर व शराब पीकर वाहन चलाने और शांति भंग करने वालो पर कार्यवाही की जाएगी। सुरक्षा व्यवस्थाके लिए एसपी द्वारा एडिशनल एसपी के अलावा 5 उप पुलिस अधीक्षक, 12 निरीक्षक, 10 उप निरीक्षक, 34 सहायक उप निरीक्षक, 48 प्रधान आरक्षक एवं 191 आरक्षक व महिला आरक्षकों की ड्यूटी लगाई है।



ट्रेलर के पहिए के नीचे दबा शव। इंसेट में अस्टिेंट इंजीनियर अजीत कुमार।

# तेज रफ्तार ट्रेलर ने असिस्टेंट मैनेजर को कुचला, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

■ **चांपा थाना क्षेत्र के भोजपुर का मामला, परिजन सदमें में**

चांपा के भोजपुर में एक तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आकर पीआईएल प्लांट के असिस्टेंट मैनेजर की मौत हो गई। मृतक की पहचान बोड़सरा निवासी अजीत कुमार साहू के रूप में हुई है, जो बाइक से गुरुवार सुबह ड्यूटी के लिए निकला था। पुलिस मामला दर्ज कर विवेचना में जुट गई है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार 13 मार्च की सुबह प्रकाश इण्डस्ट्रीज लिमिटेड चांपा में असिस्टेंट मैनेजर के पद पर पदस्थ बोड़सरा निवासी अजीत कुमार साहू अपनी बाइक से ए शिफ्ट की ड्यूटी के लिए जा रहा था। बताया जाता है कि वह अभी चांपा थाना क्षेत्र के भोजपुर पहुंचा था कि इस दौरान एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद वह ट्रेलर के पहियों के नीचे आ गया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ट्रेलर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही चांपा पुलिस मौके पर पहुंची एवं पंचनामा की कार्रवाई उपरांत शव को पोस्टमार्टम के लिए बीडीएम अस्पताल भेजा। वहीं घटना की सूचना परिजनों को दी। जानकारी मिलते ही परिजन तत्काल पहुंचे। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार ट्रेलर चालक की तलाश शुरू कर दी है। घटना से परिजन सदमे में हैं एवं रो रोकर बुरा हाल है।

# पत्नी व 3 पुत्रियों की हत्या करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

चरित्र संदेह के चलते अपनी पत्नी और तीन बेटियों की हत्या करने वाले आरोपी को जिला एवं सत्र न्यायाधीश शक्ति सिंह राजपूत ने चार बार आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। वहीं 1-1 हजार रुपये के अर्थदण्ड दंडित किया है। मामला पंतोरा चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम देवरी की है।

इस संबंध में अभियोजन पक्ष से मिली नकारी के मुताबिक, ग्राम देवरी में देशराज कश्यप अपनी पत्नी मोंगरा बाई उम्र 40 वर्ष और 3 बेटियां पूजा 16 वर्ष, भाग्य लक्ष्मी 10 वर्ष और याचना 6 वर्ष के साथ रहता था। 31 जुलाई 2023 की रात खाना खाने के बाद मां और तीनों बेटियां कमरे में सोने के लिए चली गईं। रात में ही आरोपी देशराज उठा और फावड़ा से सो रही पत्नी और तीनों बेटियों को मार डाला। 1 अगस्त और 2 अगस्त को दिनभर लोगों ने परिवार के किसी भी सदस्य को नहीं देखा, तो उन्हें अनहोनी की आशंका हुई। पड़ोसियों ने सरपंच को मामले की जानकारी दी। सरपंच भी देशराज के घर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घर का दरवाजा



खुलवाया तो अंदर का नजारा देखकर स्तब्ध रह गई। घर में मोंगरा बाई और उसकी तीनों बेटियों की लाश लहूलुहान हालत में पड़ी थी। पूरे कमरे और घर में खून ही खून फैला हुआ था। हत्याकांड के बाद देशराज फारार हो गया था, जिसे पुलिस ने 2 अगस्त 2023 को बलौदा बस स्टैंड से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर में जेल दाखिल कर दिया। इसके बाद जांच प्रतिवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां संपूर्ण साक्ष्य एवं गवाहों के बयान उपरांत दोष सिद्ध पाए जाने जिला एवं सत्र न्यायाधीश शक्ति सिंह राजपूत ने आरोपी देशराज कश्यप को आजीवन कारावास एवं अर्थदण्ड से दंडित किया। वहीं अर्थदण्ड की राशि अदा नहीं करने पर अलग से सजा भुगताए जाने के आदेश दिए। अभियोजन पक्ष की ओर से लोक अभियोजक संदीप सिंह बनाफर ने पैरवी की।

### 18 लीटर शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** पामगढ़ - जांजगीर मार्ग में नाका लगाकर तलाशी के दौरान आबकारी विभाग एवं पामगढ़ पुलिस ने एक कार से 18 लीटर महुआ शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार कियाहै। सहायक आयुक्त आबकारी अलेख राम सिदार ने बताया कि आबकारी वृत्त एवं पामगढ़ पुलिस द्वारा पामगढ़ - जांजगीर मार्ग में नाका लगाकर लाल रंग के ऑल्टो कार को रोककर तलाशी लेने पर दो बड़ी प्लास्टिक पालीथीन में 45-45 पाउचो में भरा कुल 18 लीटर हाथ भट्टी महुआ मदिरा बरामद हुआ। पुलिस ने कार में सवार जांजगीर निवासी दीपक यादव एवं प्रीतम दास के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) एवं 59 (क) के तहत कार्यवाही कर जेल दाखिल किया गया।

# नगर के सांप्रदायिक सौहार्द्र को बनाए रखना हम सब की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

■ **त्योहारों में सौहार्द बनाए रखने के लिए नगर शांति समिति की बैठक आयोजित**

होली एवं जुम्मे की नमाज के अवसर पर नगर में सौहार्द बनाए रखने के लिए नगर शांति समिति की बैठक का आयोजन पुलिस थाना परिसर म एसडीएम विक्रांत आंचल एसडीओपी प्रदीप सॉरी मुक्ताईनगर पालिका अधिकारी संजय सिंह, थाना प्रभारी मणिकांत पांडे, छत्तीसगढ़ चैंबर्स ऑफ़ कॉमर्स और इंडस्ट्री के अध्यक्ष विजय केडिया एवं राज्य हज कमेटी के सदस्य मोहम्मद इमरान खान की उपस्थिति में किया गया।



शांति समिति की बैठक में चर्चा करते अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं नगरवासी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विक्रांत अंचल ने कहा कि होली एवं जुम्मे की नमाज के दिन नगर के सांप्रदायिक सौहार्द को बनाए रखना हम सब की जिम्मेदारी है। त्योहार के दिन आपस में प्रेम एवं भाईचारा बढ़ना चाहिए ना की कोई विवाद होना चाहिए। 14 तारीख को नगर एवं क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ,पुलिस ,स्वास्थ्य विभाग, नगर पालिका एवं समस्त विभागों की टीम मुस्तैद रहेगी। इस अवसर पर राज्य हज कमेटी के सदस्य मोहम्मद इमरान खान ने कहा कि पुलिस के द्वारा सड़कों पर टायर जलाने की घटना पर लगाम लगाए जाने साथ ही बाज टीम को मुख्य मार्ग पर मार्च पास्ट कराएं जाने की आवश्यकता है। चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष विजय केडिया, पार्षद विजय खांडेल, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश्वर टंडन, उमाकांत भारते, पार्षद पिंटू बरेठ, पार्षद सुरेश मिरचन्य, अंकित सिंह सिसोदिया , अविनाश सिंह, शैलेंद्र श्रीवास, राजकुमार सिंह ने अपना विचार रखते हुए सुझाव दिए। इस अवसर पर शहजादा खान, मनोज साहू एवं नगर वासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## ओवर ब्रिज में पार्किंग किए जाने से प्रतिदिन हो रही जाम की समस्या

**अकलतरा।** नगर के हृदय स्थल शास्त्री चौक स्थित ओवर ब्रिज में बेतरतीब वाहन खड़ा किए जाने के चलते शाम 5:30 बजे आधा घंटा जाम लगा रहा, जिससे आवागमन करने वाले राहगीर परेशान होते रहे। नगर वासियों के द्वारा थाना प्रभारी मणिकांत पांडे को जाम की सूचना दिए जाने पर पुलिस दल के द्वारा शास्त्री चौक पहुंचकर जाम को हटाया गया एवं आवागमन चालू हो सका। विदित हो कि ओवर ब्रिज में अवैध रूप से पार्किंग किए जाने के चलते प्रतिदिन ट्रैफिक जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। बुधवार 12 मार्च को एक पिकअप चालक के द्वारा ओवर ब्रिज के बीचो-बीच गाड़ी खड़ा कर कहीं चला गया एवं दो अन्य गाड़ियां ओवर ब्रिज में फंस गई जिसके चलते शास्त्री चौक में दोनों और वाहनों की लंबी कतार लग गई एवं आधे घंटे तक राहगीर परेशान होते रहे। व्यवसाय रविकांत तुलस्यान ने बताया कि आए दिन शास्त्री चौक स्थित ओवर ब्रिज का इस्तेमाल पार्किंग स्थल के रूप में किए जाने के चलते गाड़ियां फस जा रही है एवं नगर वासियों को अनावश्यक रूप से परेशान होना पड़ता है। शास्त्री चौक में यातायात को सुगम बनाए रखने के लिए सुबह से शाम तक पुलिस अथवा यातायात विभाग के जवान की ड्यूटी होनी चाहिए।

* **बिश्रामपुर।** अवैध तरीके से पर्सनल आईडी का उपयोग कर रेलवे टिकट की बिक्री करने वाले चॉइस सेंटर के संचालक के खिलाफ आरपीएफ द्वारा कार्यवाही की गई है।आरपीएफ अंबिकापुर चेक पोस्ट प्रभारी सुनीता मिंज ने बताया कि लटोरी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत करवां में प्रज्ञा कुमार कुशवाहा पिता जगत पाल कुशवाहा द्वारा चॉइस सेंटर का संचालन किया जाता है।

## जेल में बंद बेटे को छुड़ाने के विवाद पर पत्नी ने कर दी पति की हत्या

**जांजगीर-चांपा।** बलौदा थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम ठडगाबहरा में चार दिन पूर्व हुए अधेड़ की हत्या मामले को पुलिस ने सुलझा लिया है। जेल में बंद बेटे को छुड़ाने के विवाद पर पत्नी ने पति को बंसुला मारकर हत्यार कर दी थी। महिला के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त बंसुला को पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस के अनुसार 9 मार्च की सुबह करीबन 7.30 बजे दशरथ बंजारे की लाश घर के बिस्तर में पड़े मिली। सूचना पर बलौदा पुलिस मौके पर पहुंची एवं मौके का मुआयना कर मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। वहीं दशरथ के शव को पंचनामा कार्यवाही एवं पीएम कराया गया। हत्या जैसे प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के निर्देशन में अज्ञात आरोपी की पतासाजी की जा रही थी। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में मृतक की पत्नी छीताबाई के बताये अनुसार संदेहियों तथा घटना दिनांक को घर में उपस्थित दशरथ बंजारे के परिजन से पुछताछ किया गया, जिसके कथन के आधार पर उसकी पत्नी छीताबाई बंजारे को हिरासत में लेकर पूछताछ कर मेमोरेण्डम कथन लिया गया। उसने बताया कि जेल में बंद बेटे किशन बंजारे को छुडाने के पति -पत्नी के बीच हमेशा वाद विवाद होता था। घटना दिनांक को 12 बजे इसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच में वाद - विवाद होने लगा तब दशरथ अपने पत्नी को शराब के नशे में मारपीट कर सो गया। इसी गुस्से में आकर उसकी पत्नी परछी में रखे बसुला के पासा से सो रहे पति के सिर में दो-तीन बार मारी तो मौके पर ही मौत गई। पुलिस ने आरोपी श्रीमती छीताबाई बंजारे पति स्व दशरथ बंजारे के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने पर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड हेतु न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## शास्त्रीय संगीत के वार्षिक कार्यक्रम में कथक कलाकारों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

# भारतीय संस्कृति की आधारभूत पहचान है शास्त्रीय संगीत : मुकीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

स्व. एमबी रोकड़े की स्मृति मे एमबी रोकड़े आयोजन समिति के द्वारा संस्कृति एवं राजभाषा रायपुर के सहयोग से शास्त्रीय संगीत का वार्षिक कार्यक्रम अकलतरा बसंत महोत्सव का 23 वां आयोजन नगर के जानकीलाल लिखमानिया धर्मशाला में किया गया। कार्यक्रम वरिष्ठ समाजसेवी लक्ष्मण मुकीम के मुख्य आतिथ्य एवं नगर पालिका अध्यक्ष दीप्ति रोहित सारथी व पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष मंजू सिंह के विशिष्ट आतिथ्य में हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लक्ष्मण मुकीम ने कहा कि भारत में शास्त्रीय संगीत की नीव प्राचीन काल से ही मजबूत रही है। भारतीय संस्कृति की आधारभूत पहचान है हमारा शास्त्रीय संगीत। स्व. एम बी




कार्यक्रम की प्रस्तुति देते कलाकार।

रोकड़े संगीत समिति के द्वारा आयोजित यह 23 वां अकलतरा बसंत महोत्सव नगर एवं क्षेत्रवासियों के अंदर संगीत के प्रति चेतना को प्रदर्शित करता है। नगर पालिका अध्यक्ष दीप्ति रोहित सारथी ने कहा कि जीवन में संगीत की आवश्यकता केवल आनंद एवं मनोरंजन के लिए ही नहीं है बल्कि यह मानसिक रोगों के निदान तथा नींद नहीं आने जैसी बीमारियों से छुटकारा भी दिलाता है। पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष मंजू सिंह ने कहा कि संगीत का अध्यात्म के साथ-साथ वैज्ञानिक महत्व है। संगीत सुनने से आत्मिक शांति मिलने के साथ-साथ शरीर में नई ऊर्जा का संचार होता है। कार्यक्रम की शुरुआत नगर के एकता योग एवं कथक स्टूडियो की संचालिका एकता अग्रवाल के द्वारा प्रशिक्षित 5 वर्ष से 21 वर्ष के 13 कथक कलाकारों के द्वारा कथक नृत्य के माध्यम से गणेश वंदना ,सरस्वती वंदना, कथक बोल, श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारे से हुई। इसके बाद मास्टर विकास गोस्वामी एवं अंकिता अंजलि फाटकजी के द्वारा तबला में देवेंद्र श्रीवास, कीबोर्ड में जगमोहन यादव एवं ऑक्टोपैड में उमाशंकर भट्ट के संगत में गणेश वंदना ,सांसों की माला में सिमरु मै पी का नाम की प्रस्तुति ने लोगोंका मन मोह लिया। तीसरी प्रस्तुति में अग्रहारा कृष्णमूर्ति ए गुरुदत्त के द्वारा तबले में बिलासपुर के राजेश मौंदेकर एवं हारमोनियम में हसौद के केआर कश्यप के संगत में राग बिहागसहित अन्य शास्त्रीय गायन की प्रस्तुति दी गई। उपस्थित श्रोताओं एवं दर्शकों ने देर रात तक शास्त्रीय गीत संगीत एवं नृत्य का आनंद लिया। कार्यक्रम का संचालन केडी वैष्णव ने किया एवं आभार प्रदर्शन स्व. एमबी रोकड़े आयोजन समिति के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम में अरुण राणा,रोहित सारथी ,लव सिंह चंदेल, आरसी मिश्रा,ओम प्रकाश साहू,अनिल सिंह सिसोदिया, नरेश केडिया, आशालता सिंह ,डॉ. श्रेया दीक्षित,सीता टंडन ,सतीश पांडे, अशोक अग्रवाल, सुनील जैन, नवल अग्रवाल एवं नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

